हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 कुरुद को नपा का दर्जा देने के साथ नए कार्यालय भवन के लिए ...

14 अर्जुनी पंचायत से एनओसी मिलने के बाद नया बस स्टैंड...

शिक्षा विभाग का आदेश दरकिनार, निजी प्रकाशकों की किताबों से हो रही पढ़ाई

नए शिक्षण सत्र में पुराना खेल, किताबों के नाम पर पालकों की हो रही जेब खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि सरकारी और निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई की जाए लेकिन निजी स्कूलों में इस आदेश को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की किताबें मंगवाई जा रही हैं। इससे पालकों की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ने लगा हैं। इसके अतिरिक्त कई स्कूलों में एडमिशन के नाम पर डोनेशन भी वसूला जा रहा है।

जिले में निजी स्कूलों की मनमानी चल रही है। शिक्षा विभाग द्वारा हर साल निजी स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिया जाता है कि वे निजी प्रकाशकों की जगह एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई करवाए लेकिन आज तक इस निर्देश का पालन नहीं किया गया है। इस साल भी शिक्षा विभाग से यह निर्देश जारी किया गया है। इसके बावजूद स्कूलों में छात्रों से निजी प्रकाशकों की किताबें मंगवाई जा रही हैं। यही नहीं कई किताबों की जरूरत ही नहीं हैं। नर्सरी से पांचवीं तब कम्प्यूटर, मोरल साइस, जीके, ड्राइंग जैसी किताबों की जरूरत नहीं पड़ती है, लेकिन स्कूल संचालकों द्वारा इन किताबों को मंगवाया जा रहा है। इन किताबों में ही पालकों को डेढ़ से दो हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है। पहले भी पालकों द्वारा ऐसे मामलों में शिकायत की गई थी, लेकिन स्कूल संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे पालकों को शिकायत करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। स्थिति को देखते हुए अब पालक भी शिकायत करने सामने नहीं आ रहे हैं।

गोल्ड मेडलिस्ट लिखते हैं किताब

सस्ती होने का मतलब यह नहीं है कि एनसीईआरटी की किताबें अच्छी नहीं होती है। इन किताबों का लेखन गोल्ड मैडलिस्ट लेखक करते हैं। जिन्हें संबंधित विषयों में महारथ हासिल हैं। इसके बाद भी निजी स्कूलों द्वारा इन किताबों की अनदेखी की जाती है। सूत्रों के अनुसार निजी प्रकाशकों की सेटिंग निजी स्कूलों से है। जो अपनी किताबों से पढ़ाई के एवज में स्कूलों को मोटी रकम देते हैं। कई स्कूल तो ऐसे हैं, जो कापियों पर भी अपना नाम प्रकाशित कर बेचते हैं।

आदेश जारी करने में विलंब

नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से ही शुरू हो गया है, जबकि शिक्षा विभाग ने आदेश विलंब से निकाला है। ऐसे में आदेश निकलने से पहले ही कई स्कूलों ने पालकों से निजी प्रकाशकों की किताबें मंगा ली हैं। ऐसे में इन किताबों को लौटाना संभव भी नहीं है। उधर पांचवीं से आठवीं तक कई कक्षाओं का सिलेबस भी चेंज हुआ है, जिनकी किताबें अभी छपकर नहीं आई हैं। इसके बावजूद निजी प्रकाशकों की किताबों की डिमांड की जा रही है।

महंगी हुईं किताबें

एनसीईआरटी की तुलना में निजी प्रकाशकों की किताबें कई गुना महंगी हैं। क्लास 1 से 8 वीं तक एनसीईआरटी की किताबें 65 से 70 रुपए में आती हैं, जबकि निजी प्रकाशकों की किताबें 300-400 रुपए में मिलती हैं। एनसीईआरटी की ड्राइंग बुक 50-60 रुपए आती है, जबकि निजी प्रकाशकों की ड्राइंग बुक की कीमत 300 रुपए से अधिक है। जानकारी के अनुसार इस साल निजी प्रकाशकों की किताबें और महंगी हुई हैं। नर्सरी से आठवीं तक की जो किताबें ढाई से तीन हजार तक मिलती थीं, अब उनकी कीमत तीन से चार हजार तक हो गई हैं।

जारी हुआ है आदेश

सीबीएसई बोर्ड संचालित स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की किताबें चलाने के लिए कलेक्टर सर ने आदेश जारी किया है। जिन स्कूलों में सीजी बोर्ड संचालित है, वहां पर सीजी बोर्ड की किताबें चलेंगी। निजी प्रकाशकों की किताब के लिए यदि दबाव बनाया जाता है तो कार्रवाई होगी।

- टीआर जगदल्ले, *जिला शिक्षाधिकारी*

पुलिस ने नक्सलियों के छिपाए 9 बम बरामद किए

बीडीएस की टीम ने सभी बमों को डिफ्यूज किया, सर्चिंग अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी/नगरी

वारदात को अंजाम देने के लिए नक्सलियों ने कुकर बम, पाइप बम और टिफिन सहित अन्य सामग्री छिपाकर रखा था, जिसे पुलिस ने सर्चिंग के दौरान बरामद किया है। बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

धमतरी पुलिस, नगरी डीआरजी और सीएएफ खल्लारी की टीम शनिवार को सर्चिंग पर निकली थी। सुबह लगभग 8 बजे चमेंदा, साल्हेभाट के बीच जंगल में संदिग्ध स्थान नजर आया। जब टीम ने बारीकी से सर्चिंग की तो वहां से माओवादियों द्वारा डंप किया गया 3 नग कुकर बम, 3 नग अमूल दूध के डिब्बेवाला बम, 2 नग पाइप बम व एक नग टिफिन बम, एक नग वाकी टॉकी, दवाइयां, दैनिक उपयोगी बर्तन, राशन व अन्य सामग्री बरामद की। माओवादियों ने इन सामग्रियों को अलग-अलग थैले में रखकर तिरपाल, झिल्ली व नीले कलर के प्लास्टिक ड्रम में डालकर दो अलग-अलग जगह डंप किया था। बीडीएस की टीम ने डंप किए बम को डिफ्यूज कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात माओवादियों के विरुद्ध धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रीष्मकालीन शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर 1 मई से

कुरुद। निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक व करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में साहू समाज के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 1 मई से प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक किया जायेगा। विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान के साथ स्पोकन इंग्लिश, धर्म अध्यात्म, नैतिक शिक्षा, जीवन विद्या, राष्ट्रीय मूल्यों की शिक्षा, संस्कार, नवोदय विद्यालय, प्रयास विद्यालय, प्रतिभा खोज आदि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक सप्ताह जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों का करियर मार्गदर्शन व प्रेरणात्मक उदबोधन भी होगा। परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू ने विद्यार्थियों को इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

अस्पताल से भागा था मरीज, पुलिस की जांच में हुआ खुलासा

जिस पर था बच्चा चोर का शक वह निकला मानसिक बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अरिहंत वाटिका कॉलोनी वाले जिस संदिग्ध व्यक्ति को बच्चा चोर समझ रहे थे, वह मानसिक रोगी निकला। वह राम जानकी मोहल्ला उमरगांव थाना सिहावा जिला धमतरी का रहने वाला है जो आबकारी विभाग में बोराई चेक पोस्ट पर काम करता था। उसे ओजस्वी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां से वह भाग निकला था।

अरिहंत वाटिका कॉलोनी निवासी गंगाशरण साहू ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन देते हुए बताया कि गुरुवार को उनका 8 वर्षीय पुत्र कॉलोनी के बच्चों के साथ अपने घर के बाहर फुटबाल खेल रहा था। उसी समय एक संदिग्ध व्यक्ति वहां आया और बच्चे से बातचीत करने का प्रयास करने लगा। कुछ ही क्षण में वह व्यक्ति जबरदस्ती उसके बच्चे को अपने साथ ले जाने की कोशिश करने लगा। तब उन्होंने इसका विरोध किया और उस व्यक्ति को वहां से चले जाने को कहा। बच्चा चोर होने का संदेह व्यक्त करने हुए उन्होंने कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसी टीवी कैमरे खंगाले गए। लोगों से पूछताछ की गई तब पता चला कि जिस पर बच्चा चोर का संदेह व्यक्त किया गया है, वह मानसिक रूप से बीमार है। इलाज के लिए परिजनों ने उसे 23 अप्रैल को ओजस्वी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। 24 अप्रैल की शाम वह नर्सिंग होम से भाग निकला। पुलिस ने जांच के बाद बताया कि उसका नाम विक्रांत पुजारी उम्र 28 साल पिता महेश पुजारी है, जो रामजानकी मोहल्ला उमरगांव, थाना सिहावा जिला धमतरी का रहने वाला है। वह आबकारी विभाग में बोराई चेक पोस्ट पर काम करता था। पुलिस ने उसे आसपास खोजा, लेकिन वह नहीं मिला। 25 अप्रैल को वह स्वयं घर पहुंच गया था।

हरी सब्जियों के दाम कम होने के बाद भी ग्राहकी कमजोर, स्वाद भी फीका

इतवारी बाजार अपडेट

- लौकी 10, टमाटर, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली 20 रूपये किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अप्रैल माह में भी हरी सब्जियों की बंपर आवक बाजारों में बनी हुई है। उत्पादन अधिक होने से ग्रामीण अंचल और फार्म हाउस की सब्जी बड़ी तादाद में शहर पहुंच रही है। रेट कम होने के बाद भी सब्जियों का उठाव नहीं है। खट्टा भाजी, चेचभाजी, चौलाई, पालक, लाल, कोलियारी भाजी, बथुआ भाजी की मांग ज्यादा है।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे ग्राहकों की भीड़ थी लेकिन सब्जियों का उठाव कम था। ग्राहकों ने हरी पत्तीदार, रसीली सब्जी आदि की खरीदारी खूब की। सब्जी विक्रेता देवलाल सोरी, कुंजलाल पटेल, हेमशंकर सोनकर ने बताया कि भाजियों की मांग बढ़ गई है। सभी प्रकार की भाजी 10 से 20 रूपये किलो है। उठाव अधिक है इसलिए लोकल बाड़ियों से भाजी मंगा लेते हैं। गर्मी में करमत्ता भाजी, बोहार भारी, कांदा भाजी की बिक्री सबसे ज्यादा है। उन्होंने बताया कि रविवार को भटा, भिंडी, गोभी, केला, डोड़का जैसी सब्जियां 30 रूपये किलो रही। लौकी 10 रूपये बिकी। कुम्हड़ा, टमाटर, पत्तागोभी, मूली 20 रूपये किलो रहा। गाजर, कुंदरू, बरबटी, तोराई 40 रूपये किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, मुनगा, परवल, कटहल 50 रूपये किलो बिका। हरी मिर्च, कोचई, ढेंस, शिमला मिर्च 60 रूपये किलो रहा। अदरक, हरा धनिया, मेथी भाजी 80 रूपये किलो रहा।

किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को आलू, प्याज 25 रूपये किलो बिका। शक्कर 45, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 150-200, मिर्च खड़ी 180-300, धनिया 100-120, जीरा 290, काली मिर्च 780, लहसुन 100, तेल रिफाइंड पाउच 130, सरसों 80, मेथी 80, राहर दाल 80-120, मूंगदाल 110, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना देशी 75, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 85, पोहा 50 रूपये किलो बिकी। अंडा 60 रूपये दर्जन रहा।

बेरोजगार युवा सीखेंगे कम्प्यूटर, इंटरनेट और टैली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वरोजगार करने के इच्छुक बेरोजगार युवा कम्प्यूटर, इंटरनेट और टैली सीखेंगे। इसके लिए उन्हें असिस्टेंट बुककीपर (टैली) की निःशुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में 30 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। 38 दिनों तक चलने वाले इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक सुश्री अनीता टुडू ने बताया कि ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा एम.एस.ऑफिस, एम.एस.एक्सल, पावर पाइंट प्रजेंटेशन आदि में हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को इंटरनेट एवं टैली के साथ ही ऑनलाइन वर्क, डाटा एंट्री वर्क और व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा उद्यमिता संबंधी जानकारी और बैंक से लोन सुविधा की भी युवाओं को दी जाएगी।

महानदी परियोजना के बांधों की हालत पतली

गंगरेल पर्यटन में छाया सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अप्रैल माह में ही महानदी परियोजना के चारों बांध सूखने लगे हैं। माड़मसिल्ली बांध सूखे की कगार पर आ गया है। गंगरेल बांध का पानी एक तिहाई शेष है। निस्तारी के लिए 30 अप्रैल तक पानी छोड़ा जाएगा। इधर गर्मी की वजह से गंगरेल पर्यटन में सुस्ती छाई हुई है। महानदी पर बने बांधों का पेट खाली होने लगा है। माड़मसिल्ली बांध में महज 0.774 टीएमसी पानी है। बांध क्षमता का 13 प्रतिशत पानी है। इस बांध में पानी की आवक जावक निल है। माड़मसिल्ली बांध की जलभराव क्षमता 5.839 टीएमसी है। सोंढूर बांध में उपयोग पानी 1.253 टीएमसी बचा हुआ है। 6.995 टीएमसी जलभराव क्षमता वाले सोंढूर बांध से 487 क्यूसेक पानी निस्तारी के लिए छोड़ा जा रहा है। सोंढूर में 19.73 प्रतिशत उपयोगी पानी शेष है। 10.192 टीएमसी जलभराव क्षमता वाले दुधावा बांध में उपयोगी पानी 3.660 टीएमसी है। इस बांध से 630 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

गंगरेल बांध में 34 फीसदी पानी

भीषण गर्मी का महीना मई और जून अभी बाकी है। इस बांध से निस्तारी के लिए 2130 क्यूबिक पानी प्रति सेकेंड छोड़ा जा रहा है। रविवार सुबह 8 बजे के रिकार्ड में 32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल में उपयोगी पानी 9.338 टीएमसी है। इस बांध से 1 जून 2024 से अब तक 63.773 टीएमसी पानी छोड़ा जा चुका है जिसमें से 11.793 टीएमसी पानी नदी में फ्लड किया गया है। 31.687 टीएमसी पानी खरीफ में सिंचाई के लिए, 6.770 टीएमसी पानी भिलाई नहर तथा शेष पानी पेयजल और निस्तारी के लिए दिया गया है।

निस्तारी पानी 30 अप्रैल तक

जल संसाधन विभाग के एसडीओ भविन देवांगन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अप्रैल माह तक निस्तारी के लिए पानी दिया जाएगा। निस्तारी पानी देने से बांध में लगातार पानी घटने लगा है। 30 अप्रैल के बाद रायुपर, धमतरी पेयजल के लिए पानी दिया जाएगा।

भीषण गर्मी में गिनती के पर्यटक पहुंच रहे गंगरेल

भीषण गर्मी की वजह से गंगरेल बांध में पर्यटकों का टोटा है। रविवार को गंगरेल पर्यटन क्षेत्र में वीरानी पसरी रही। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असंकध सिंह ने बताया कि गिनती के सैलानी गंगरेल पहुंच रहे हैं। वाटर स्पोर्ट्स के लिए तैनात जेस्की, मोटरबोट पर्यटकों का इंतजार कर रहे हैं।

पुतरा-पुतरी 50 से 100 रुपए जोड़ी, चुकी-कलसा 20 से 30 रुपए बिक रहा

अक्षय तृतीया : अक्ती पर्व पर सजा पुतरा-पुतरी का बाजार

- अबूझ मुहूर्त में होंगी शादियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अक्षय तृतीया यानी अक्ती का त्योहार इस वर्ष बुधवार 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में इस पर्व को लेकर उत्साह का वातावरण है। छोटे बच्चे पुतरा पुतरी का विवाह रचाएंगे। अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन ग्रामीण अंचल में कई जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। अक्षय तृतीया यानी जो क्षय नहीं होने वाला योग है। इसका शास्त्रों में काफी महत्व है। इस दिन किए हुए कार्य शुभ फलदायक होता है। कृषक इस दिन खरीफ बोनी की शुरुआत करते हैं। खेतों में हल चलाकर बीजारोपण करते हैं और ईश्वर से अच्छी फसल होने की कामना करते हुए ठाकुरदेव में धान का दोना चढ़ाते हैं। इष्टदेव, कुलदेव, ग्रामदेव की पूजा-अर्चना करते हैं।

इधर अक्ती पर्व को लेकर पुतरा पुतरी, कलसा, चुकी, दीया, ग्वालिन आदि का बाजार सज गया है। कुंभकार परिवार इसे मिट्टी से बनाकर रंगरोगन कर बाजार में विक्रय के लिए बैठे हैं। शहर के घड़ी चौक, गोल बाजार, रामबाग, विंध्यवासिनी मार्ग में कुंभकार परिवार पसरा लगाकर बेच रहे हैं। व्यवसायी पुनियाबाई कुंभकार, लावण्य कुंभकार, विनय कुंभकार, गगन कुंभकार आदि ने बताया कि मिट्टी से बने खिलौने 50 रुपए, 60 रुपए, 80 रुपए, 100 रुपए जोड़ी में बिक रहे हैं। कलसा आकार के हिसाब से 10, 20, 30 एवं 40 रुपए में बिक रहा है। दीया 20 रुपए दर्जन है। ग्वालिन 20 से 30 रुपए है। हांडी 70 से 100 रुपए, मटका 100 से 120 रुपए है। सभी सामानों की बिक्री हो रही है। त्योहार के एक दिन पूर्व खरीदारी जोर पकड़ेगी। चूंकि त्योहार परम्परागत है इसलिए पूजन सामग्री सभी वर्ग के लोग खरीदते हैं।

भगवान परशुराम जयंती मनेगी

अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। इस दिन भगवान परशुराम का जन्म दिवस है। ब्राह्मण समाज इसे हर्षोल्लास से मनाता है। मंदिरों में हवन-पूजन, आरती, भोग-भंडारा, प्रसादी के अलावा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ब्राह्मण समाज के लोग इस दिन उपवास रखकर भगवान परशुराम की आराधना करेंगे। घरों एवं मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। धमतरी ब्लाक अध्यक्ष सूरज तिवारी ने बताया कि समाज द्वारा सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना रिसाईमाता मंदिर परिसर स्थित भगवान परशुराम प्रतिमा के पास की जायेगी। नपा स्कूल चौक भगवान परशुराम चौक के पास पूजन, आरती, शोभायात्रा की शुरुआत होगी।

सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन 30 को

धमतरी। ग्राम मुजगहन में 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी ने बताया कि भगवान की पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे एवं भोजन प्रसादी दोपहर 1 बजे होगा। ब्राम्हण समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शाम 4 बजे समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ओमप्रकाश तिवारी, राजकुमार तिवारी, हरिनारायण तिवारी, द्वारिका प्रसाद तिवारी समेत अन्य जुटे हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

खबर संक्षेप

पुलिस के हत्थे चढ़ा सात लाख के लूट में शामिल दूसरा आरोपी

कांकेर। किसान को झांसा देकर बैंक से 7 लाख रूपएं निकालने के बाद किसान से दो लोग लूटकर ले गए, जिसमें एक आरोपी घटना के बाद पकड़ा गया था, वहीं दूसरा आरोपी फरार हो गया था, जिसे भानुप्रतापपुर पुलिस ने 26 अप्रैल को दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मामला यह था कि प्रार्थी चिंताराम मरकाम पिता कानसाय मरकाम उम्र 64 वर्ष निवासी झलियामारी हाल भानुप्रतापपुर संतोषीपारा ने पुलिस को बताया कि झलियामारी में अपने खेत का मरम्मत जेसीबी नंबर सीजी 19 बीएॅम 9568 के माध्यम से करवा रहा था। जेसीबी को किराए पर चलने वाले अपना पता मध्यप्रदेश भोपाल का होना बताया। जेसीबी चलाने वाले प्रार्थी से एडवांस में 32500 लिया गया था और 24 फरवरी को दो एजेंट प्रार्थी के घर आए और बताया कि खेत मरम्मत के लिए और पैसा लगेगा। प्रार्थी और दोनों एजेंट एक ही मोटरसाइकिल में बैठकर एसबीआई बैंक भानुप्रतापपुर आए।

भानुप्रतापपुर से संबलपुर जाने वाले मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज में छाया रहा अंधेरा

भानुप्रतापपुर। शहर से संबलपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर बीती रात को अंधेरे में डूबा रहा । ब्रिज में लगी स्ट्रीट लाईट पूरी तरह से बंद रही। नगर के नजदीक होने के बाद भी संबंधित विभाग के अमले ने गंभीरता नहीं दिखाया। जानकारी के अनुसार बीती रात यानी 26 अप्रैल की रात को रेलवे ब्रिज के अंधेरे में डूबने के चलते राहगीरों ने संबंधित विभाग के अमले के संज्ञान में लाया। परंतु जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई और रातभर ब्रिज में अंधेरा छाया रहा। ब्रिज की स्ट्रीट लाइट किन कारणों से बंद रही, इसे कोई बताने के लिए सामने नहीं आया। नगरवासियों ने माँग किया है कि नगर की स्ट्रीट लाइट बंद होती है तो इसके लिए एक संबंधित विभाग एक टीम का गठन करे। जिससे अंधेरा होते समय सभी मुहल्ले का निरीक्षण करें और अंधेरे में डूबे इलाके को रोशन कर सके।

पटवारी संघ के अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में जय 56 वोट से रहे विजयी

कांकेर। पटवारी संघ के द्वारा आयोजित जिलास्तरीय सम्मेलन में पटवारी संघ के अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ जिसमें दो पटवारी जय कश्यप एवं अशोक दीपक ने नामांकन दाखिल किया। मतदान के उपरांत मतगणना में जय कश्यप को 78 और अशोक दीपक को 32 वोट मिले। इसके अलावा जिला सचिव के पद पर रिजवान अहमद खान एवं कोषाध्यक्ष के पद पर नितेश जोशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा पदोन्नत और अन्य पदों पर चयनित पटवारी को सम्मानित किया गया। कांकेर जिलामुख्यालय में पुराने कम्युनिटी हाल में 26 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ सेवानिवृत्त पटवारी साधुराम यादव, हिरामन यादव, तहसीलदार पुष्पराज पात्र, सहायक अधीक्षक रतिराम साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हटाने की मांग की

जनपद सीईओ के खिलाफ पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत कुरूद में पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के खिलाफ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा हल्ला बोल दिया है। नाराज होकर सचिव और रोजगार सहायक जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप सीईओ को तत्काल हटाने की मांग पर अड़े हैं।

दरअसल 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत कुरूद में सुशासन तिहार के तहत आवेदन निराकरण की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक के दौरान किसी बात को लेकर सीईओ अमित कुमार सेन उत्तेजित हो गए। आरोप है कि उन्होंने सचिवों और रोजगार सहायकों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इसी के विरोध में सचिव व रोजगार सहायक बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गए और सीईओ को तत्काल हटाने की मांग करने लगे। पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर ने कहा कि मैंने अपने 30 साल के नौकरी जीवन में कई सीईओ देखे, लेकिन ऐसा व्यवहार पहले कभी नहीं देखा। इस अधिकारी के साथ काम करना संभव नहीं है। संघ के संरक्षक प्रकाश चन्द्राकर, सचिव वेदप्रकाश साहू, प्रवक्ता तामेश्वर साहू और रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष छन्नू लाल महिलांगे ने भी एक सुर में कहा कि बैठक के दौरान वे केवल मार्गदर्शन मांग रहे थे, लेकिन सीईओ ने अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया, जिससे सभी कर्मचारी आहत हुए हैं।

मैंने किसी से दुर्व्यवहार नहीं किया है

सीईओ अमित सेन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बैठक का उद्देश्य सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करना था। मैंने केवल निर्देशित किया कि निराकरण तय समय पर हों। किसी भी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि अगर समय पर कार्य नहीं हुआ तो नियम के तहत कार्रवाई भी की जा सकती है।

आतंकी हमले में दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले से दिवंगत लोगों को कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक में मौन धारण, पुष्पांजलि व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसियों ने कहा कि आतंकियों की कायराना हरकत की जितनी निंदा की जाये वह कम है। उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए व कड़ी से कड़ी सजा हो। केन्द्र सरकार की नाकामी है कि देश में पर्यटक सुरक्षित नहीं है। इनका खुफिया तंत्र पूर्णतः फेल है। अगर आंतकी संगठन को कोई भी विदेशी ताकत संरक्षण दे रहा है तो उन्हें करारा जवाब देने जरूरत है। दिवंगतों के परिजनों की प्रति हमारी गहरी संवेदना हैं।

इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, सुश्री राजकुमारी दीवान, रमेश्वर साहू, रामप्यारे साहू, उमेश साहू, संतोष प्रजापति, तुलसीराम साहू उपस्थित थे।

भखारा में मन की बात सुनी गई

अंवरी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज देशवासियों का खून खौल रहा है। सबको न्याय मिलेगा और न्याय मिलकर रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा के नवाचार उद्यम की भी चर्चा की। मन की बात सुनने नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, हितेंद्र साहू, गौतम पारख, छबिलाल निर्मलकर, परदेशी कंवर, जितेंद्र साहू, डुमेंद्र गंगबेल, भूपेंद्र यादव, युगेश धीवर, चक्र सुदर्शन चंदेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सरकार आपके विकास और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध : मरकाम

- फुटहामुड़ा में कमार जनजाति के बीच पहुंचे भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें प्रसारण का श्रवण अति पिछड़ी जनजाति बहुल ग्राम फुटहामुड़ा (ग्राम पंचायत माकरदोना) में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम थे। कार्यक्रम के बाद श्री मरकाम ने कमार जनजाति के ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर श्री मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर की विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी सरकार आपकी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है। आपके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलें और हर घर तक विकास पहुंचे, यही हमारा संकल्प है। आपकी हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और जागरूकता के माध्यम से अपने अधिकारों की रक्षा करने का भी आह्वान किया। मौके पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी आशु पडौटी, जिला पंचायत धमतरी की वन स्थायी समिति सभापति अजय ध्रुव, जनपद सदस्य चंद्रकला साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष टेलेश्वर ठाकुर, माकरदोना सरपंच सहदेव मरकाम, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू, मोहन मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पंचायत भृत्य संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ रायपुर की प्रदेश स्तरीय बैठक 27 अप्रैल रविवार को खेल मैदान कुरूद में रखी गई थी। छत्तीसगढ़ सरकार से सांख्येतर पद स्वीकृत एवं प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत भृत्य को एक समान मानदेय दिलाने हेतु शासन स्तर पर कार्रवाई चल रही है। सरकार से निवेदन किया गया है कि आदेश जल्द प्रसारित किया जाए। साथ ही ग्राम पंचायत भृत्य की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। समय पर मानदेय नहीं मिलने पर भी चर्चा की गई। संघ के माध्यम से सभी समस्या पर पहल करने पर प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में सोमनाथ तारक प्रदेश अध्यक्ष, भूपेंद्र कुमार साहू प्रदेश सचिव ओबीसी महासभा छग, मेघनाथ साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, वेदराम डोगरवार प्रदेश सचिव, देवीसिंह पोटाई प्रदेश कोषाध्यक्ष, बिदे बोगा प्रदेश सलाहकार, जशवंत शांडिल्य प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, परमानंद देवदास प्रदेश मीडिया प्रभारी, किशोर कुमार साहू प्रदेश मिडिया प्रभारी, लक्ष्मीनारायण साहू जिला अध्यक्ष धमतरी, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, कुरूद ब्लाक अध्यक्ष हरिराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश साहू समेत अन्य मौजूद थे।

बारना स्कूल में लड़कियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में कुमारी डॉली निषाद ने 92.5 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम, कुमारी सरोज 87 प्रतिशत अंक से द्वितीय एवं दुष्यंत विश्वकर्मा 82.5 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 वीं में कुमारी लक्ष्मी साहू 82 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, कुमारी शारदा साहू 72 प्रतिशत द्वितीय एवं कुमारी नीलम ध्रुव 67.6 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। परीक्षा परिणाम शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती ममता निषाद, एलआर दीवान पूर्व प्राचार्य, एचएस वर्मा पूर्व व्याख्याता, संकुल समन्वयक परशुराम प्रजापति, संस्था प्रभारी श्रीमती टेमिन साहू प्राचार्य, श्रीमती पूनम हिरानी, श्रीमती उमा ठाकुर, विनय कुमार पटेल, रोशन साहू, पारस साहू, राजेश बंजारे, अमित खरे, शेषनारायण साहू, चंद्रशेखर साहू, टिकेन्द्र साहू एवं भूपेंद्र यादव के आतिथ्य में जारी किया गया।

करगा स्कूल में स्थानीय परीक्षा परिणाम जारी

रीना साहू

भूलक्ष्मी कौशिक

जीजामगांव। शाउमावि करगा में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी में प्रथम रीना, द्वितीय हर्षिता, तृतीय भूमिका, मीनाक्षी, तनुराग रहे। कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम भूलक्ष्मी, द्वितीय मिताब, नीरज, तृतीय मेनका रहे। कक्षा नवमी एवं 11वीं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रगति प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू ने अच्छे परिणाम के लिए शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रयास की प्रशंसा की। परीक्षा प्रभारी एलके साहू ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य बीबी साहू ने असफल हुए विद्यार्थी को पुनः प्रयास करने कहा। मौके पर सावित्री बाई साहू सरपंच, चुनेश्वर साहू उपसरपंच हेमंत साहू , छविराम साहू, जगनाथ साहू पंच, सोमनाथ निषाद, अरुणा देवी साहू, कमलाबाई साहू, भागबती यादव, दुरपत बाई साहू, सरिता साहू, राजवती, भारती, अनीता रूपा ध्रुव, भूपेंद्र, केदारनाथ, भंवर लाल साहू, शिक्षक एलके साहू, एनके साहू, एसके श्रीवास, एमके साहू, श्रीमती वाय. देवांगन श्रीमती वाय. साहू, श्रीमती आर. पाण्डेय ,श्रीमती के. पटेल, श्रीमती एस.डी मिश्रा, श्रीमती पीएम, श्रीमती बी.साहू, श्रीमती ए. कौशिक, एमएल साहू, श्रीमती टी.ध्रुव, धनेश ध्रुव, शीतल साहू मौजूद थे।

हाईस्कूल चटौद में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

गरिमा 95 प्रतिशत के साथ अव्वल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय हाई स्कूल चटौद में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में केपी साहू व्याख्याता ने सफलता अर्जित करने वालों छात्रों को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमचंद साहू ने कहा कि जीवन में सफलता व असफलता मिलती है। असफल होने पर निराश नहीं होना चाहिये और अधिक मेहनत करके सफलता अर्जित की जा सकती है। संस्था के प्राचार्य एचआर मरकाम ने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला का परीक्षा परिणाम 56 प्रतिशत रहा। प्रथम गरिमा 95 प्रतिशत, द्वितीय मेहुलकान्त 93 प्रतिशत, तृतीय महिमा 87 प्रतिशत रहे। आभार प्रदर्शन व्याख्याता एसके कंवर ने किया।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि बिसेलाल साहू, पालक सदस्य गुलाब साहू, मिडिल स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती प्रियंका शर्मा, आभा खरे व्याख्याता समेत अन्य मौजूद थे।

साहू समाज करेली बड़ी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन परसट्टी में हुआ

युवाओं में सामाजिक संस्कार की आवश्यकता : अरूण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

साहू समाज परिक्षेत्र करेली बड़ी का वार्षिक सम्मेल ग्राम परसट्टी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि युवाओं के कंधे पर आने वाले भविष्य की जिम्मेदारी है। युवा वर्ग में सामाजिक संस्कार की आवश्यकता है। सामाजिक कार्यों में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज एक वृहद समाज है। सामाजिक संगठन मजबूत होने से समाज का विकास संभव है। साहू समाज द्वारा किए गए रचनात्मक कार्य की प्रशंसा कर अन्य समाज अनुकरण कर रहे हैं। जिला महिला उपाध्यक्ष केकती साहू ने कहा कि समाज में महिलाओं की उपस्थिति अनिवार्य है। रोटी बेटी के अलावा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता है। विवाह में फिजुलखर्च को रोकना जरूरी है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांता साहू ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम में बच्चों को लाने से वे संस्कारवान बनेंगे। तहसील साहू समाज उपाध्यक्ष सुशीला साहू ने कहा कि महिलाओं की उपस्थिति से सामाजिक सुधार में सहयोग मिलेगा।

कार्यक्रम में करेली बड़ी परिक्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस आयोजन में परिक्षेत्र के 18 गांव के सामाजिकजन शामिल रहे। मंच का संचालन साहू समाज परिक्षेत्र सचिव तोमनलाल साहू ने किया।

परखंदा स्कूल में 9वीं-11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय उ.मा.वि. परखंदा में शिक्षकगण एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 11 वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई। कक्षा 9 वीं में प्रथम पवन कुमार पिता संतोष 88 प्रतिशत, द्वितीय कोमल पिता दानेश्वर 83 प्रतिशत, तृतीय डाली साहू पिता दुलेश्वर साहू 80 प्रतिशत रहे। इस तरह कुल 80 छात्रों में से 41 छात्र परीक्षा में सफल हुए। 14 छात्रों को पूरक व 26 छात्र परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं में प्रथम पायल पिता देवनाथ 80.2 प्रतिशत, द्वितीय पूजा पिता चोखेलाल 74 प्रतिशत, तृतीय हेमलता पिता राधेश्याम 69 प्रतिशत रहे।

इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती तारा गिरेन्द्र साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोहित साहू के अलावा शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

समता नगर के बिजली खंभे में लगी आग

कांकेर। जिला मुख्यालय से लगे समता नगर में 27 जनवरी की शाम लगभग पौने 7 बजे एक खंभे में आग लग गई, जिसके चलते पूरे मुहल्ले की बिजली बंद हो गई। यह ईलाका कांकेर ग्रामीण के ईलाके में आता है। स्टाफ को जानकारी दिए जाने के आधा घंटा बाद भी बिजली विभाग का अमला नहीं पहुँचा।

सामुदायिक पुलिसिंग में ग्रामीणों से हुए रूबरू

कांकेर। अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम नागरबेड़ा में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सेंदुरमेटा, चंगोड़ी, टिमनार, ऐटेगांव एवं नागरबेड़ा के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान परिवेश में हो रहे साइबर अपराध ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर, इससे बचने के उपाय भी बताये गए। साथ ही साथ महिला व बालक से संबंधित अपराध तथा वाहन दुर्घटना के कारण एवं इसके रोकथाम के बारे में चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को लुंगी तथा बच्चों एवं नवयुवकों खेल सामग्री वितरित किया गया।

भूरसा तरहुल में देव मेला आज से होगा शुरू

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम भूरसा तरहुल मे दो दिवसीय देव मेला का आयोजन का शुभारंभ आज 28 अप्रैल से होगा और समापन 29 अप्रैल को होगा। देव मेला में आसपास के ग्रामीण देवी, देवता के अलावा महिला, पुरुष, व्यापारी, युवक, युवती और बच्चे शामिल होंगे । रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी मानपुर मोहला जिला का आयोजन रखा गया है। इस मेला के उपलक्ष्य में दो दिन का मुर्गा बाजार रखा गया है। मेले की तैयारी में गायता रामलाल कोरेटी, रजमन पुड़ो, चन्दन कोरेटी एवं समस्त वार्ड पंच और ग्रामवासी डटे हुए है।

जनचौपाल के शिविरों की तिथियों में आंशिक संशोधन

कांकेर। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने के लिए जनपद पंचायतों के समस्त ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अंतागढ़ एवं नरहरपुर विकासखंड में शिविर 25 अप्रैल को आयोजित किया गया। शेष शिविर का आयोजन को 03 संशोधित तिथियों में किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि संशोधित तिथि के अनुसार सोमवार 28 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा, 30 अप्रैल को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, 1 मई को जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल और जनपद पंचायत कांकेर व कोयलीबेड़ा में 2 मई को जनचौपाल शिविर का आयोजन किया जाएगा।

ग्राम मंगहूर के तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत थाना बड़गांव के ग्राम मंगहूर निवासी रामसाय यादव की 26 अप्रैल को दोपहर को पीव्ही 01 के तालाब में गया था। तालाब में डूबने से रामसाय की मृत्यु हो गई। परिजनों ने घटना की जानकारी पखाांजुर पुलिस को दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करा शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंप गया। मृतक तालाब में कैसे डूबा, उसका कारण पुलिस पतासाजी करने में जुटी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति की मांग पर डिप्टी सीएम साव ने दिया आश्वासन

कुरुद को नपा का दर्जा देने के साथ नए कार्यालय भवन के लिए 1.69 करोड़ की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने परिषद की बैठक में पास प्रस्ताव की प्रति सौंपते हुए कुरुद को नगरपालिका का दर्जा देने व नया कार्यकाल भवन के लिए 1.69 करोड़ रुपये की राशि देने की मांग की है। इस पर डिप्टी सीएम ने हामी भरते हुए इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को उपमुख्यमंत्री श्री साव कुरूद पहुंचे थे। रेस्ट हाउस में नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने स्थानीय विधायक अजय चन्द्राकर की उपस्थिति में मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि कुरूद इस संभाग की सबसे बड़ी नगर पंचायत और पुराना निकाय है, जहां सबसे बड़ी कृषि मंडी, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, कृषि महाविद्यालय के अलावा अन्य बड़े महाविद्यालय हैं जहां सभी विषय में कक्षाएं संचालित हैं। क्षेत्र में उद्योग धंधे के रूप में 35 राइस मिलें एवं 500 से ज्यादा दुकानें संचालित हैं जिसमें राजस्व प्राप्ति होती है।

व्यापार के मद्देनजर 65 फीसदी गैर कृषि भूमि उपलब्ध

नगर सीमा में पर्याप्त सार्वजनिक भवन, सामुदायिक भवन, मांगलिक भवन, ऑडिटोरियम, इंडोर बैंडमिंटन कोर्ट, एमफी थियेटर हैं जहां निरंतर कार्यक्रम संचालित होते रहते हैं। नगर में 16 एकड़ में ऑक्सीजोन तथा पर्याप्त मात्रा में 13 जलाशय है। नगर में मुख्य रूप से दो बड़े खेल मैदान हैं जिसमें बड़े-बड़े सार्वजनिक, राजनैतिक कार्यक्रम होते हैं। उसी प्रकार अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम को सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर बनाया जा रहा है। नगर सीमा में सिविल अस्पताल संचालित है जिसमें सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए मिनी स्टेडियम विवेकानंद परिसर को स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया है। 100 बिस्तर का सिविल अस्पताल संचालित होने जा रहा है। नगर क्षेत्र में लगभग 65 फीसदी भूमि गैर कृषि भूमि है जो भविष्य में यहां का राजस्व बढ़ाने और व्यापार को बढ़ाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगा।

जनसंख्या एवं राजस्व की दृष्टि से भी है पर्याप्त जगह

ज्योति ने डिप्टी सीएम को बताया कि नगर में जनसंख्या के दृष्टिकोण से 2011 के सर्वे में 13783 है, जो 2019 में सांकेतिक सर्वे में बढ़कर 18500 से अधिक थी। वर्तमान में 15 वार्डों में निवासरत 20000 से अधिक की जनसंख्या है। नगर क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में सरकारी जमीन भी है, जहां नये कार्यालय भवन के लिए 3 से 5 एकड़ जमीन आरक्षित है। नये नगरपालिका बाजार की जमीन आरक्षित है तथा प्रमुख जगहों में राजस्व बढ़ाने के दृष्टिकोण से शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण हेतु जगह आरक्षित है। नगर में प्रवेश के लिए दो मुख्य मार्ग है जो एनएच 30 से लगे प्राचीन सांधा रोड से प्रवेश मार्ग वहीं बाईपास में अटल प्रवेश द्वार है जहां आवागमन के पर्याप्त फोरलेन सड़कें हैं।

पालिका बनाने सुविधाओं के साथ हैं कई खूबियां

नगर में सभी प्रकार के प्रमुख शासकीय कार्यालय संचालित हैं। नगर में पॉलीटेक्निक, नर्सिंग एवं एलएलबी महाविद्यालय हेतु शासन से अनुशंसा प्राप्त हो चुकी है। भूमि आवंटन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। आगामी वर्षों में निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था है। फिल्टर प्लांट से निरंतर पानी सप्लाई होता है। नगर में 85 प्रतिशत सड़क पक्की है। नगर में फायर ब्रिगेड, जेसीबी, स्काई लिफ्ट, सफाई वाहन पर्याप्त मात्रा में है। नगर की इतनी सारी खूबियों से वाकिफ होने के बाद विभागीय मंत्री श्री साव ने बाइपास रोड की 3 एकड़ जमीन में नया नगर पालिका कार्यालय भवन बनाने के लिए 1.69 करोड़ रुपये देने का आश्वासन दिया है।

दुगली में चार हैंडपंप खराब पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

- सूचना देने के बाद भी पीएचई विभाग के कर्मचारी-अधिकारी नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत दुगली में पंचायती राज दिवस मनाया गया एवं जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। इस मौके पर सरपंच ने गांव की समस्याओं को उपसरपंच एवं पंचगणों के समक्ष रखी। सरपंच रामेश्वर मरकाम ने बताया कि दुगली में 4 हैंडपंप खराब हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नल मैकेनिक को बताने के बाद भी नहीं सुधार किया जा रहा है। इस समस्या से पीएचई विभाग के कर्मचारी अधिकारी को अवगत कराने पर भी उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान सचिव बीरेंद्र साहू, उपसरपंच चंद्रभान नेताम, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, गोमती बाई मंडावी, डुमेश्वरी डोंगरे, कमला बाई, गायत्री बाई, हरीश परते, गौरी बाई, अनिल कुमार नेताम, तोषण मरकाम, अनिल कुमार यादव, दिलीप कुमार नेताम, परमानंद यादव, मंशाराम मरकाम, रविशंकर ध्रुव ने पानी बचाने का संकल्प लिया।

इस संबंध में नल मैकेनिक से बात करने पर उन्होंने कहा कि गर्मी अधिक होने के कारण कि जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिसके कारण हैंडपम्प जवाब देने लगे हैं। विभाग ने इस साल हेल्पर भी नहीं दिया है। विभाग द्वारा सामान भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण हैंडपम्प का सुधार नहीं हो पा रहा है।

कुलदीप का अग्निवीर में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भारतीय सेना अग्निवीर में चयनित होने पर नगर पंचायत भखारा भठेली के युवा कुलदीप पिता पोखराज साहू का सम्मान किया गया। वे फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग एकेडमी भखारा में प्रशिक्षण ले रहे थे। उनके प्रशिक्षक समीर गौर ने बताया कि कुलदीप नगर पंचायत भखारा भठेली के प्रथम युवा हैं जो अग्निवीर में चयनित हुए हैं। इसके पूर्व भी वह प्रादेशिक सेना भर्ती और एसएससी जीडी की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। कुलदीप भखारा अंचल के युवाओं के लिए आदर्श एवं प्रेरणास्त्रोत हैं। अब वह ईएमई सिकंदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस सम्मान समारोह में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, श्रीमती संतोषी निषाद समेत नगर के युवा और नागरिक उपस्थित थे।

गोपालपुरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डा. हजारीलाल जैन शाउमावि गोपालपुरी में कक्षा नवमी और कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू और कृषि समिति के अध्यक्ष मोतीराम साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। प्रभारी प्राचार्य देवेन्द्र कुमार भारद्वाज ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। कक्षा नवमी में कुल 68 में से 45 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परिणाम 68.18 प्रतिशत रहा। कक्षा ग्यारहवी में 35 में से 29 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 89.16 प्रतिशत रहा। कक्षा नवमीं में प्रथम निरूपा, द्वितीय पूजा साहू, तृतीय लिकेश कुमार साहू रहे। कक्षा ग्यारहवी में प्रथम विनोदकुमार साहू, द्वितीय रोशनी यादव, तृतीय यशोदा यादव रहे। सभी छात्र-छात्राओं को कक्षा दसवीं और बारहवीं की पाठ्य सामग्री और मोमेंटो अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने शिक्षकों की मेहनत की सराहना की और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समिति सदस्य मोतीराम साहू ने छात्रों को अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने के लिए समय का महत्व बताया। परीक्षा प्रभारी श्रीमती सावित्री देवांगन और सहायक श्रीमती अनीता सोरी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर श्रीमती मीना, श्रीमती संगीता पाठक, श्रीमती डोलेश्वरी साहू, डिलेश्वरी सेन, दीपक पटेल, लोरीराम महीपाल, राजेश देवान, भूपेन्द्र साहू, विरेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।

नौकरी पर रखने सुशासन तिहार में दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वन मंडल धमतरी नगरी (उपादन) कार्यालय में मोहसीन खान 11/2008 से कुशल श्रमिक की हैसियत से कार्यरत था। वन विभाग के प्रशिक्षु डीएफओ द्वारा वर्ष 9/2016 में शासकीय कर्मचारी के पुत्र होने का हवाला देते कार्य से पृथक किया गया था। आवेदक द्वारा श्रम न्यायालय धमतरी में आवेदन लगाया गया। वर्षों तक न्यायालय में केस चलने के बाद निर्णय दिया गया कि आवेदक को 45 दिन के अंदर बगैर पिछले वेतन के पूर्व पद पर सेवा में पुन स्थापित करें परंतु आज 10 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी कार्य पर नहीं रखा गया है। न्यायालय के निर्णय की अवहेलना की गई है। परेशान मोहसीन ने सुशासन तिहार में नौकरी पर रखने आवेदन किया है। इस संबंध वन मंडल धमतरी के नगरी उत्पादन कार्यालय अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी मेरी नई पोस्टिंग हुई है। इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। फाइल देखने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

नारी के अग्निवीर जवान को देश सेवा के लिए किया विदा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम नारी निवासी लोकनाथ साहू पिता गैंदलाल साहू ने शिवांश इंटरनेशनल स्कूल पिपरौद में अपनी पढ़ाई पूरी करके देश की सेवा करने के उद्देश्य से अग्निवीर की तैयारी में जुटा हुआ था। आखिरकार उसकी मेहनत रंग लाई और अग्निवीर में चयन हो गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रशासनिक एकेडमी रायपुर में ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग उपरांत लोकनाथ का चयन अग्निवीर में हो गया। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्राम नारी में बाजे-गाजे व पुष्प हार से स्वागत सम्मान व शाल श्रीफल भेंटकर जवान को देश सेवा करने सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी, डेमिन सालिकराम सरपंच नारी, थानेश्वर तारक अधिवक्ता, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, इंद्रनारायण साहू जिला युवा प्रकोष्ठ, उत्तम शर्मा पूर्व सरपंच, दयालुराम साहू, चिंताराम, डॉ बरातु राम साहू, हिरामन चक्रधारी, ठाकुरराम साहू, हेमंत साहू, नीतू साहू, धर्मेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान गौकरण साहू ने कहा कि ग्राम नारी के युवा लोकनाथ साहू का चयन अग्निवीर में हुआ है। यह क्षेत्रवासियों के लिए खुशी का विषय है। इससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

स्वामी आत्मानंद स्कूल कंडेल का परीक्षाफल घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में संचालित हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 9वीं और 12वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया।

कक्षा 9वीं के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का परीक्षा परिणाम 66.67 प्रतिशत रहा। प्रथम हितेश जोशी, द्वितीय निधि साहू, तृतीय यश सोनवानी रहे। हिन्दी माध्यम कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 47.82 प्रतिशत रहा। प्रथम ईशारानी, द्वितीय डिम्पल और तृतीय हिमांतकी सेन रही। इसी प्रकार कक्षा 11वी हिंदी माध्यम के कला संकाय का परीक्षा परिणाम 85.96 प्रतिशत रहा। प्रथम किरण, द्वितीय सरिता, तृतीय युगल रहे। विज्ञान और गणित संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रथम देवश्री, द्वितीय, मयंक रहे। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा। प्रथम दीपांशु, द्वितीय कुसुमलता रही। प्राचार्य राहुल नेताम ने छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में सरपंच गिरधर सार्वा, योगेश्वर साहू, नारायण साहू की उपस्थिति रही।

नवोदय में चयनित पलक का हुआ सम्मान

धमतरी। शास. प्राशा. शाला संबलपुर में कक्षा 5वीं के बच्चों की विदाई एवं सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की पूजा वंदन से हुआ। इसके बाद कक्षा 5वीं के बच्चों ने बारी-बारी से विद्यालय से प्राप्त अनुभव शेयर किये। शिक्षकों एवं पालकों एवं एसएमसी के पदाधिकारियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवोदय विद्यालय कुरुद हेतु चयनित छात्रा पलक ठाकुर का शाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। पलक के माता-पिता ने शाला को मां सरस्वती की मूर्ति एवं पांचवीं के बच्चों को कम्पास बाक्स देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह द्वारा बच्चों को न्योता भोजन में सेवई खिलाई गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख झमित मेश्राम एसएमसी सदस्य मोतिम ठाकुर, दुर्गा साहू, मोनिका विश्वकर्मा, रंजीत नेताम, शिक्षकगण मो. मुख्तार खान, साधना केशरवानी, राजकुमारी सोनी, इंदुरानी बंजारे समेत पालकगण और बच्चे उपस्थित थे।

परिश्रम ही सफलता की कुंजी है : ईशु

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब धमतरी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। मुख्य अतिथि शिरोमणिराव घोरपड़े ने कहा कि छात्रों के जीवन में संस्कार, अनुशासन, कठोर परिश्रम का काफी महत्व होता है। इन्ही गुणों के सम्पन्न व्यक्ति ही जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। अध्यक्षता कर रहे विद्यालय समिति के सदस्य ईशु नाग ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

विशिष्ट अतिथि प्रदीप यादव ने कहा कि मनुष्य को सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। असफलता में घबराना नही चाहिए। कक्षा अरुण में प्रथम भाविका मण्डावी, द्वितीय दृष्टि सेन, दिव्यांश सेन, तृतीय डुमिषा साहू, कक्षा उदय में प्रथम लक्ष्मी सोम एवं साधना साहू, द्वितीय हर्षिता रजक एवं गाव्या सलाम, तृतीय जगदीशसिंह गिल रहे। कक्षा प्रथम में प्रथम लक्ष्य सेन, द्वितीय पीयूष सेनानी, तृतीय रिया सोनी, कक्षा द्वितीय में प्रथम तेजस निर्मलकर, द्वितीय टर्णिजा, तृतीय नेविक वर्मा एवं श्रेया निर्मलकर रहे।

कक्षा तृतीय में प्रथम शौर्यवी, द्वितीय सोमेश दुबे, तृतीय अखण्डदेव पटेल रहे। कक्षा चतुर्थ में प्रथम लिनिशा तारम, द्वितीय देवेन्द्र देवांगन एवं पलक मानिकपुरी, तृतीय अलिशा भारती, नीतेश रहे। कक्षा षष्ठ में प्रथम टामेश साहू, द्वितीय अनुष्का बंजारे, तृतीय उर्जिता सोनकर रहे। कक्षा सप्तम में प्रथम सोनम निर्मलकर, द्वितीय हिमांशु यादव एवं निखिल देवांगन, तृतीय डेविना सिन्हा रहे।

कक्षा नवमी में प्रथम ऋषि कुमार साहू, द्वितीय धनंजय सिन्हा, तृतीय तुलेश्वरी साहू, कक्षा एकादश विज्ञान संकाय में प्रथम श्रध्दा यादव, द्वितीय प्राची ठाकुर, तृतीय भाविका सुलोदिया रहे। कक्षा एकादश वाणिज्य संकाय में प्रथम फणीश छाटा, द्वितीय जान्हवी वर्मा, तृतीय देवेश कुमार रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवल सिंह साहू ने दी है।

पीजी के छात्रों ने किया योगाभ्यास

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमारपाठक तथा आईक्यूएसी और प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद के मार्गदर्शन में फिट फ्यूजन कार्यक्रम अन्तर्गत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कल्याणी बघेल ने कराया।

खबर संक्षेप

रामू के बजट में ट्रिपल इंजन सरकार के विकास की झलक : अंगिरा

धमतरी। महापौर रामू रोहरा ने जो पहला बजट पेश किया है, उसमें

भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ने विकास के जो वादे किए हैंख उसे पूरा करने की साफ झलक दिखाई पड़ी है। शहरवासियों ने हाईटेक बस स्टैंड, औद्योगिक नगर, गोकुल नगर, मुख्य मार्गों का फोरलेन चौड़ीकरण, सीवरेज प्लांट, सिटी मॉल, बारिश के दिनों के पानी की निकासी की व्यवस्था का जो सपना देखा था, यह बजट उन्हीं मांगों पर केंद्रित रहा। यह बात जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा जनता की समस्याओं को ध्यान में रखकर अपना कार्य करती है। विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार ने धमतरी का विकास करने का जो बीड़ा उठाया है, उसे अमलीजामा पहनाने का काम रामू रोहरा ने अपने इस प्रथम बजट से करने का पूरा प्रयास किया है।

पेयजल व्यवस्था के लिए टोल फ्री नम्बर की मिल रही सुविधा

जगदलपुर। जिले के ग्रामीण इलाकों से बोरिंग खराब होने की खबर मिलने पर उक्त ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी तुरन्त सुधार कार्य हेतु कर्मचारियों के साथ पहुंच रहे हैं। साथ ही ग्रामीण अब टोलफ्री नम्बर से भी पेयजल की दिक्कत सम्बन्धी सूचना दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप संधारण एवं सोलर ड्यूल पम्पों के रखरखाव में आशाजनक प्रगति आयी है। इस कार्य को और प्रगति देने हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम द्वारा गत दिवस सभी सहायक अभियंता सहित उप अभियंता एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयकों की बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की समुचित उपलब्धता के लिए सजग रहकर दायित्व निर्वहन किए जाने कहा। साथ ही हैंडपंप संधारण अभियान को निरंतर चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने आवश्यकता के अनुसार नलकूपों में राइजिंग पाईप बढ़ाकर पेयजल सुलभ करवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही नवीन हैंडपंप की आवश्यकता वाले गांवों एवं पारे-टोले में नए नलकूप खनन सहित हैंडपंप स्थापित करने के लिए प्राथमिकता देने कहा।

सेवा काल में बिताए पल को याद कर हुए भावुक

जगदलपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेल्वे कॉलोनी में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता वाणिज्य जगन मोहिनी गोल्ला एवं प्रधान अध्यापक हरीश कुमार पाठक को विद्यालय में विदाई दी गई। सर्वप्रथम प्राचार्य एव अतिथियों के द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिवार ने उनके साथ बिताए अविस्मरणीय पलों को वक्तव्य ,गीत, एवं कविता के रूप में साझा किया। प्राचार्य श्रीलाल वर्मा ने शुभकामनाएं दी। व्याख्याता जगन मोहिनी गोल्ला एवं प्रधान अध्यापक हरीश कुमार पाठक ने भी अपने सेवा अवधि के अनुभव व्यक्त किए अपने शासकीय जीवन की पूर्णता पर आयोजित समारोह हेतु प्राचार्य एव विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

17 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति माह भर में मिल सकती है : महापौर

अर्जुनी पंचायत से एनओसी मिलने के बाद नया बस स्टैंड खुलने का रास्ता साफ हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बहुप्रतीक्षित नया बस स्टैंड खुलने का रास्ता अब साफ हो गया है। ग्राम पंचायत अर्जुनी के सरपंच, पंच व ग्रामवासियों की सहमति मिलने के बाद अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड खुलेगा। इसके लिए कोटवार के लिए आरक्षित भूमि को पहले से ही चिन्हांकित किया गया था। पांच एकड़ भूमि के बदले कोटवार को अनुदान या अन्य कृषि जमीन दी जा सकती है। बीते 5 अप्रैल को राजस्व विभाग के कर्मचारी जमीन का सीमांकन, नाप जोख सर्वे कम्पलीट कर चुके हैं। बसस्टैंड का पूरा सेटअप भी तैयार है। विदित हो कि धमतरी से तीन किमी दूर अर्जुनी में नया बस स्टैंड बनाया जायेगा। 200 मीटर की दूरी पर बाईपास मार्ग, ओव्हरब्रिज व ग्राम खपरी की सीमा है।

बस स्टैंड में होंगी आधुनिक सुविधाएं

अर्जुनी में प्रस्तावित बस स्टैंड महानगरों की तर्ज पर बनेगा। पांच एकड़ जमीन में बस स्टाप, लाज, यात्री प्रतीक्षालय, चालक परिचालक रूम, हाल, प्लेटफार्म, कुर्सियां, बेंच, टिकिट काउंटर, एनाउंसर, सुलभ शौचालय, रेस्टोरेंट, निजी बसस्टैंड, आफिस, इलेक्ट्रानिक सूचना बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड, पुलिस के जवान, आटो, ई-रिक्शा स्टैंड, होटल, रेस्टोरेंट व अन्य दुकानों के व्यावसायिक काम्पलेक्स, शुद्ध पानी, वाटर कूलर, टीवी, कूलर, पंखा, फीडिंग रूम, फस्टएड बाक्स, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि की व्यवस्था रहेगी।

जल्द होगा बस स्टैंड का निर्माण

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड खोलने की योजना निगम के

बजट में पुनः शामिल है। अब पंचायत से सहमति मिलने के बाद बस स्टैंड का निर्माण जल्द किया जाएगा। इसके लिए शासन से 17 करोड़ रूपए की राशि मिलेगी। बस स्टैंड पांच एकड़ जमीन में बनेगा। वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति में एक से डेढ़ माह का समय लगेगा।

बस स्टैंड के लिए दी गई एनओसी

ग्राम पंचायत अर्जुनी की सरपंच इंदु मोहित ध्रुव ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि प्रस्तावित नया बस स्टैंड के लिए सरपंच, पंच

एवं ग्रामीणों द्वारा सहमति दी गई है। इसका कोई विरोध नहीं है। हस्ताक्षरयुक्त आवेदन शासन प्रशासन, आयुक्त को प्रेषित किया गया है। उक्त जमीन गांव के कोटवार की है। 8 वर्ष पहले कलेक्टर ने इस जमीन को सुरक्षित कराया था। खसरा नंबर 35 में 6 एकड़ जमीन चिन्हांकित हैं। सीमांकन पटवारी, आरआई द्वारा कर लिया गया है। तहसीलदार अभिमत की काफी 4 अप्रैल को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक परिसर में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए।

शिक्षा के तीन आधार स्तंभ पालक, बालक और शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपुर में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ। माताएं सही समय पर स्कूल में अपनी मजदूरी कार्य को छोड़कर शामिल हुईं। माता बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं। उन्हें अब पता चल चुका है कि वह अपने बच्चों को घर की ही सामग्री से प्राथमिक ज्ञान दे सकती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति की संरक्षिका श्रीमती कचरी बाई थी। अध्यक्षता स्मार्ट माता अंजु निर्मलकर ने की। 2024 की स्मार्ट माता गैंदी बाई साहू ने 2025 की स्मार्ट माता श्रीमती फुलेश्वरी नाग को ताज, परिचय कार्ड व स्मार्ट माता का टैग पहनाकर सम्मानित किया। अंजु निर्मलकर ने नारियों की भूमिका पर उद्बोधन दिया। नौ काउंटर के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भाषा व गणित विकास का आकलन कर माताओं को घर पर उपलब्ध सहज संसाधनों से बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान पर गतिविधियों के माध्यम से उन्हें शिक्षण कार्य से जोड़ने का प्रयास किया गया। ब्लॉक नोडल बीआरजी, शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती शशिकला बैरागी ने सभी माताओं से अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। शिक्षिका श्रीमती पीयूष साहू ने अपने पिता के जन्म दिवस पर कलर पेंसिल, शीश, रबर का वितरण किया। यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, एपीसी नंदकिशोर साहू, राज्य रिसोर्स पर्सन प्रीति शांडिल्य के निर्देश व मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि पालक, बालक और शिक्षक शिक्षा के तीन प्रमुख आधार स्तंभ हैं। जब यह तीनों मिलकर शैक्षणिक कार्यों में सहभागी होंगे तो शिक्षा गुणवत्ता में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। मौके पर पंच श्रीमती अंजु निर्मलकर, नरेंद्री नाग, संरक्षिका श्रीमती कचरी बाई साहू, पूर्व पंच सुषमा साहू एवं श्रीमती मिलन पटेल, रानी यादव, गोदावरी मरकाम, अनसुइया पटेल, पुष्पा पटेल , फुलेश्वरी नाग, आशा नाग, अनूपा निषाद, पूर्णिमा नेताम, गैंदी बाई ,चंद्रिका नाग, अध्यक्ष श्रीमती कविता मानिकपुरी मौजूद थीं।

दो ट्राईसिकल प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत कसपुर निवासी डिकेश्वर मरकाम व ग्राम कट्टीगांव निवासी विष्णु राम को जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद सदस्य शिवनाथ मरकाम, विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम जनपद पंचायत नगरी की उपस्थिति में ट्राईसिकल प्रदान की गई।

धीवर समाज ने पहलगाम में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धीवर समाज धमतरी परगना की बैठक में पहलगाम की अमानवीय घटना में अपना जीवन गंवाने वाले हिंदुस्तानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद निषाद, यशवंत कोसरिया, शिव ओझा अधिवक्ता, आशा धीवर, रेवती ओझा, लछनी ओझा, राजकुमार फूटान, शत्रुघ्न धीवर, शेषनारायण मीनपाल, देवलाल सोनवानी, संतोष नाग ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की तथा ऐसा कृत्य करने वाले आतंकियों और उसकी सहायता करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का केन्द्र सरकार से आग्रह किया।

पाक, बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में जीरो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घुसपैठियों की शिनाख्ति के लिए धमतरी पुलिस सक्रिय

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान एवं बांग्लादेशी घुसपेठियों को देश निकालने का फरमान जारी कर दिया है। धमतरी जिले में इसे लेकर पुलिस सक्रिय है लेकिन अब तक कोई घुसपैठिया पुलिस को नहीं मिला है।

लोगों का कहना है कि धमतरी शहर में भी पाक, बांग्लादेशी घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। इनको शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में अपंग होने का दिखावा कर भीख मांगते देखा जा सकता है। वह सिग्नलों पर खड़ा होकर पेन आदि सामग्री बेचते हैं।

बताया जाता है कि शहर के कुछ वार्डों में इस तरह के घुसपैठिये मिल सकते हैं। कहा जा रहा है कि घुसपैठियों की पतासाजी में धमतरी पुलिस की सक्रियता थोड़ी कम दिख रही है। पुलिस को चाहिए कि जो भी संदिग्ध व्यक्ति शहर में दिखे उनको पकड़कर उनकी पहचान करें।

धमतरी शहर में कुछ लोग बाहर से आए लोगों को अपने वार्ड और बाड़ों में जगह देकर पनाह देते हैं। फिर शहर में कुछ अनहोनी होती है तब पुलिस जागती है। पिछले साल रामनवमी पर चाकूबाजी की घटना हुई थी, जिसमें बाहरी लोगों का हाथ होना बताया जा रहा था। कुछ जगह पर बाहरी लोगों को पनाह देकर बसाया जा रहा है। बकायदा उनका आधार कार्ड और राशन कार्ड भी बनवा दिया जाता है। उन्हें व्यवसाय करने का साधन भी उपलब्ध करा दिया जाता है। फिर उनकी पहचान आम धमतरीवासी के रूप में होने लगती है।

एडिशनल एसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि पुलिस घुसपैठियों की पतासाजी कर रही है। आज तक कोई मामला सामने नहीं आया है। हमारे यहां जीरो है।

संस्कार, समर्पण एवं समरसता साहू समाज की पहचान : अवनेंद्र

■ शोभायात्रा निकालकर मनाई गई दानवीर भामाशाह जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी एवं ग्रामीण साहू समाज कुर्रा द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ थे। अध्यक्षता रामचंद्र साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा ने की। विशेष अतिथि सिन्धु बैस जनपद सभापति, तोरण लाल साहू, केकती साहू, कामताप्रसाद साहू, मीलू राम साहू, दमयंतीन साहू, सुशीला साहू, गोपी किशन साहू, ओमेश्वरी साहू, सोमनाथ साहू थे। समाज के देवी- देवताओं के जयकारे के साथ गली भ्रमण किया गया। जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार, समर्पण एवं समरसता साहू समाज की पहचान है। उन्होंने पूर्वजों द्वारा समाज और जनहित में किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सामाजिक विकृतियों को दूर करने की बात कही। सिन्धु बैस ने समाज हित में हमेशा संगठित और अनुशासित रहने की बात कही। शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों एवं समाज द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। मौके पर अध्यक्ष रामचंद साहू, सचिव विष्णुराम साहू, भूषणलाल साहू, अशोक साहू, गोपीकिशन साहू, उमेश्वरी साहू, नम्मू लाल साहू, घनश्याम साहू, डिकेश्वरी साहू, पिंगला साहू, इन्द्रा साहू, रेखा साहू, ओमप्रकाश साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष सोमनराम साहू ,सचिव चैतराम साहू, नरसिंग साहू, तरुण साहू, नारायण साहू, गणपत साहू, सुरेश कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों को शिक्षा और पोषण के रूप में स्थापित करने पर जोर

■ पखवाड़ा समापन समारोह और ईसीई मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अजीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा समापन समारोह और ईसीई मेला का आयोजन पटवारी भवन अंबेडकर वार्ड धमतरी में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बचपन के प्रारंभिक 1000 दिनों में संतुलित पोषण और शिक्षा की महत्ता पर पालकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक करना था। आंगनबाड़ी केंद्रों को सिर्फ पोषण केंद्र नहीं, बल्कि शिक्षा और पोषण दोनों के केंद्र के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में तीनों सेक्टर की 37 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 9 पालक, आईसीडीएस, आईसीपीएस, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। पांच कोनों में आयोजित ईसीई गतिविधियों को चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संचालित किया। सीडीपीओ प्राची शर्मा ने पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पर्यवेक्षक उषा किरण चंद्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा और पोषण को जोड़ने के पांच आयामों की जानकारी दी। आईसीपीएस के यशवंत व्यास ने बाल सुरक्षा योजनाओं पर जानकारी दी। मिशन शक्ति की जिला समन्वयक बिंदेश्वरी ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की। स्वास्थ्य विभाग की मंजु ने किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में गोदभराई एवं अन्नप्राशन की रस्में संपन्न हुईं। सभापति विभा चंद्राकर ने इस कार्यक्रम को स्वस्थ और सुरक्षित समाज निर्माण की दिशा में प्रेरणादायक प्रयास बताया। पार्षद कुलेश साहू ने पोषण भी और पढ़ाई भी कार्यक्रम को एक अच्छा प्रयास

बताया। तारकेश्वरी ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती जगरानी एक्का डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग,धमतरी, महेश मरकाम डीडब्ल्यूसीडीओ महिला एवं बाल विकास विभाग का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

अंजुमन स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंजुमन मिडिल स्कूल नवागांव वार्ड धमतरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंजुमन हॉयर सेकेण्डरी स्कूल के प्रशासक सैय्यद असदुल हुसैन साहब ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। पूर्व प्राथमिक विभाग कक्षा नर्सरी , केजी 1 एवं केजी 2 में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी तरह अंजुमन प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग में कक्षा पहली से चौथी, छठवीं तक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

प्रशासक असदुल हुसैन, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, वरिष्ठ शिक्षक मो. असलम भाटी, प्रधान पाठिका सुश्री आलिया बानो ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आने वाली कक्षाओं में कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया।

मौके पर प्रधानपाठिका आलिया बानो, श्रीमती मुमताज बेगम, श्रीमती रोजिना अली, श्रीमती समीदा बानो, श्रीमती हिना पटेल, सुश्री रेखा कश्यप , श्रीमती रूखसाना बेगम, महविश बानो, श्रीमती रशीदा बेगम समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहम्मद असलम भाटी ने किया।

गोजी में 24 कुंडीय महायज्ञ 2 मई से

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम गोजी के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से 24 कुंडीय विश्व शांति शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन 2 से 4 मई तक किया गया है। यह आयोजन पंडित उमेशानन्द गिरि महाराज (छग मंडल श्री महंत) के सानिध्य में होगा। 2 मई को कलश यात्रा दोपहर 2 बजे निकाली जायेगी। रात्रि में जय शारदा जगराता ग्रुप भोथली की प्रस्तुति शाम 7 बजे होगी। द्वितीय दिवस में 3 मई को अग्नि स्थापना, यज्ञ हवन प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शाम 7 बजे नवजागृति रामधुनी मंडली सिरसिदा की प्रस्तुति होगी। 4 मई रविवार को 11 बजे से यज्ञ हवन पूर्णाहुति होगी। पश्चात शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी। अंतिम दिवस रात्रिकालीन कार्यक्रम के रूप में मोर गांव के शीतला दाई फाग मंडली मोहंदी (चंडी) की प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम की तैयारी में बरातुराम साहू, देवलाल पाल, इन्द्रनारायण साहू, भेपेन्द्र साहू, उमेश साहू, बिसेलाल साहू, तुकाराम साहू, संतोष साहू, ठाकुरराम साहू, थानेश्वर तारक, टिकेश्वर साहू, दौलत साहू, हेमेंद्र साहू,

जयलाल साहू, जयमित्र साहू सरपंच, विज्ञान साहू, धनराज साहू, देवप्रकाश साहू, छत्रपाल साहू, सतीश साहू, चंद्रहास साहू, वासुदेव साहू, तेजराम साहू, लच्छन साहू, उमेश पाल, धनराज साहू, पवन साहू, भूषण साहू जुटे हुए हैं।